Need to fill up the trenches dug up near the forest areas in Singhbhum district, Jharkhand and provide compensation to the family members of people died due to elephant attacks-? laid

श्री बिद्‌युत बरन महतो (जमशेदपुर): जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिला के बहरागोड़ा विधानसभा के चाकुलिया प्रखण्ड में जंगली हाथियों का प्रकोप काफी बढ़ा हुआ है । यह ज्ञातव्य है कि उक्त विधानसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा हुआ है और वन विभाग के द्वारा ट्रेंच (गड्ढा) खोद देने के कारण जंगली जानवर ट्रेंच को पार करके जंगलों में ना जाकर गांवों में प्रवेश कर रहे हैं और आमजन को काफी क्षति पहुंचा रहे हैं । किसानों की खेती का नुकसान एवं मकान की क्षति पहुंचाई जा रही है । यहां तक कि अभी विगत दिनों 9 लोगों की मृत्यु हाथियों के द्वारा पटक-पटक कर मारने से हुई है । उनकी मृत्यु होने पर विभाग के द्वारा उनके परिवार को मुआवजे की राशि देने में काफी विलंब किया जाता है । परंतु फसलों के नष्ट होने पर जो मुआवजे की राशि मिलती है वह बहुत कम है । साथ ही व्यक्तियों की मृत्यु होने एवं फसलों के नष्ट होने पर मुआवजे की राशि मिलने में काफी विलंब होता है तथा उक्त मुआवजे की राशि के संबंध में लोगों को यहाँ तक कि वन विभाग के पदाधिकारियों को भी विस्तृत जानकारी नहीं रहने के कारण पीड़ित परिवारों को उचित एवं समय पर क्षतिपूर्ति का मुआवजा नहीं मिल पाता है ।

अतः मेरा वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त ट्रेंच को भरवाने एवं मुआवजे की राशि बढ़ाने के साथ-साथ संबंधित व्यक्तियों/ किसानों को समय मुआवजा प्रदान कराने की कृपा की जाए ।